## निगम को विभिन्न करों से 6.63 लाख का राजस्व प्राप्त

रतलाम। संपत्तिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत शुक्रवार को कुल राशि रूपये 6,63,134/- का राजस्व प्राप्त हुआ। नगर निगम के विभिन्न करों के तहत शुक्रवार को संपत्तिकर शिविर से 256070, कार्यालय 192052, वसूली दल 15493 कुल 463615, जलकर शिविर 41435, वसूली कार्यालय 112995 कुल 154430, दुकान गुमटी किराया कार्यालय 17458 व वसूली दल 27634 कुल 45092 इस तरह कुल राशि रूपये 6,63,137/- का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ। नवभारत

नवभारत 7/2/22

## 1.70 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है।

इसके तहत रविवार को 1.70 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 12550, ट्रैक्टर-ट्राली से 5715, कामपेक्टर सूखा कचरा 9330, कामपेक्टर गीला कचरा 9360, डंपर नाला मलबा 132525, मैजिक सूखा 575, मैजिक गीला 805 सहित कुल 170860 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 7/2/22

# परशुराम विहार में सड़कों के किनारे झाड़ियां हो रहीं, ड्रेनेज भी है जाम, नल नहीं चल रहे

## कलेक्टर के निरीक्षण से रहवासियों को व्यवस्था सुधरने की जागी उम्मीद

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम विकास प्राधिकरण (आरडीए) को जीवित रखने वाली मेडिकल कॉलेज के पास स्थित परशुराम विहार कॉलोनी के हाल बदहाल है। प्रवेश द्वार से शुरू होने वाली सड़कों के किनारों पर झाड़ियां उग रही हैं तो ड्रेनेज सिस्टम जाम हो रहा है। पानी का कोई इंतजाम नहीं होने से अब तक नल नहीं चल पा रहे हैं। मकान बनाने वालों को बोरिंग करवाकर काम चलाना पड़ रहा है।

रविवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम परशुराम विहार कॉलोनी पहुंचे, सिर्फ बने बनाए मकानों के हाल देखकर चले गए। प्राधिकरण ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 22 मकान बनाए हैं। 14 ईडब्ल्यूएस तथा शेष एल-1, एल-2 टाइप के हैं। इन्हें 15 मार्च तक हैंडओवर कर दिया जाएगा। कलेक्टर बोले हाउस बुकिंग कराने वाले प्रत्येक व्यक्ति को आवास दिखाकर पूछे कि कोई कमी तो नहीं है। कमी बताने पर उसे पूरा करो। इसके बाद ही मकान हैंडओवर किए जाएं। सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, संपदा अधिकारी नायब तहसीलदार पूजा भाटी, प्राधिकरण वरिष्ठ लिपिक राजेश उपाध्याय आदि साथ रहे।



परशुराम विहार कॉलोनी के मकान देखते कलेक्टर व सीईओ।

### पीएमएवाय मल्टी के सामने डेवलप होंगे 163 प्लॉट

बंजली क्षेत्र में पीएम आवास योजना में बन रही मल्टियों के सामने वाली खाली जमीन पर 163 डवलप किए जाएंगे। कलेक्टर ने जमीन का समतलीकरण और पहुंच मार्ग व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। फिलहाल यहां नगर निगम 192 एलआईसी, 224 ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स बना रहा है।

### गंगासागर कॉलोनी में पौधरोपण देखा

कलेक्टर ने गंगासागर कॉलोनी के पास एनएचएआई द्वारा किए पौधरोपण देखा। यहां 8000 पौधे लगाए हैं। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री मो. हनीफ शेख से कहा प्रत्येक पौधे का थाला बड़े आकार में रखें ताकि ज्यादा मात्रा में पानी एकत्रित हो सके। इससे कम प्रयासों में अधिक सिंचाई हो सकेगी। इस क्षेत्र से मांगल्य मंदिर पहुंच मार्ग निर्माण की संभावना पर भी कलेक्टर ने निगमायुक्त से चर्चा की। भास्कर

दै. भास्कर 7/2/22

# मस्जिद के पास लाइन डलना हुई शुरू



रतलाम. शहर चेतन्य कास्यप द्वारा वार्ड क्रमांक 2 में नूरानी मस्जिद के पीछे पेयजल की पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू करवाया गया। पाइप लाइन कार्य शुरू होने से क्षेत्रीय नागरिकों में खुशी का माहौल है। पाइप लाइन डलने के बाद क्षेत्रीय निवासियों को मीठा जल प्राप्त होने लगेगा वहीं पानी की समस्या से भी निजात मिलेगी। पाइप लाइन का कार्य आरम्भ करवाने में मंत्री किरण महावर का विशेष योगदान रहा। मंडल महामंत्री विनोद यादव, लोकेश जायसवाल, उपाध्यक्ष पूजा शर्मा, प्रवीण दीक्षित, कोषाध्यक्ष धर्मवीर, कार्यालय मंत्री कमल गुरनानी आदि उपस्थित थे।

पत्रिका 7/2/22

# बिना अनुमति या विपरित निर्माण किया तो 10 के बजाय 30 फीसदी लगेगी कम्पाउंडिंग

रतलाम » दबंग रिपोर्टर



रतलाम में बिना अनुमति तथा अनुमति के विपरित भवनों के प्रशमन (कम्पाउंडिंग) के तहत 10 के स्थान पर 30 प्रतिशत सीमा तक हुए अवैध निर्माण का प्रशमन (कम्पाउंडिंग) किया जा सकेगा। इसके लगने वाले कम्पाउडिंग शुल्क में 28 फरवरी तक 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा नगरीय क्षेत्र में बिना अनुमति तथा अनुमति के विपरित भवनों के कम्पाउडिंग हेतु नियमों में संशोधन कर अब 10 प्रतिशत के स्थान पर 30 प्रतिशात की सीमा तक हुए अवैध निर्माण को नियमित करने का प्रावधान किया गया है।

इस हेतु लगने वाले कम्पाउडिंग शुल्क में 28 फरवरी तक 20 प्रतिषत की छूट प्रदान की जा रही है। रतलाम नगरीय क्षेत्र में उपरोक्त प्रकार के सभी भवनों के लिये अपने अवैध निर्माण को वैध कराने का यह सुनहरा अवसर है। नगर निगम द्वारा इस हेतु प्रमुख व्यावसायिक भवनों को सूचना पत्र भी दिये गये है। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम व आयुक्त उपरोक्त प्रकार के सभी भवन स्वामियों से अपील की है कि बिना अनुमति या अनुमति के विपरित बने अपने भवनों का कम्पाउडिंग 28 फरवरी के पूर्व करवाकर अवैध निर्माण के विरूद्ध होने वाली किसी भी संभावित कार्यवाही बचें।

दबंग दुनिया 7/2/22

# उकाला रोड पुलिया का निर्माण शुरू



रतलाम| उकाला रोड खड़े गणपति के सामने स्थित पुलिया का निर्माण शुरू हो गया है। सीमेंट-कांक्रीट रोड निर्माण के बाद यहां पुरानी पुलिया तोड़कर नई पुलिया बनाई जा रही है। पुलिया बनने के बाद आवागमन में सुविधा होगी। यह रोड शहर बाजार क्षेत्रों को सालाखेड़ी से सीधे जोड़ती है।

दै. भास्कर 7/2/22

# सिलेण्डर में आग लगने, गैस रिसाव से निपटान के तरीके बताए

रतलाम। नगर निगम के फंट लाईन कर्मचारियों को आपदा व महामारी प्रबंधन ( डिजास्टर मैनेजमेंट ) का प्रशिक्षण एसडीआरएफ मध्यप्रदेश की टीम द्वारा पोलोग्राउण्ड स्थित डॉ.

**▸ निगम के फ्रंट लाईन कर्मचारियों को दिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण**

अम्बेडकर मांगलिक भवन परिसर में दिया गया।





आयोजित प्रशिक्षण में प्लाटून कमांडर ज्योति बघेल व बद्रीलाल मंडलोई ने बताया कि आपदा ऐसी घटना है जो कभी भी घट सकती है। आपदा दो प्रकार की होती है पहली प्राकृतिक व दूसरी मानव जनित। उन्होने कर्मचारियों को बाढ़, आगजनि, महामारी में किस प्रकार से आपदा प्रबंधन किया जाता है का प्रशिक्षण सुरक्षा उपकरणों के साथ विस्तृत रूप से देते हुए कहा कि आपदा के समय में सभी विभागों को मिलकर कार्य करना चाहिये। इस अवसर पर उन्होने बताया कि सीवर चैम्बर, बंद नालो, कुओं, बावड़ियों की सफाई के पहले उसमें माचिस की तिली जलाकर डालें यदि वह तुरंत बुझ जाती है तो यह समझ लें कि यहां पर ऑक्सीजन की कमी है व अन्य जहरीली गैसें है। इस कार्य को बिना सुरक्षा उपकरण के ना करें। उन्होने घरेलू गैस सिलेण्डर में आग लगने, गैस रिसाव के निपटान के तरीकों से भी अवगत कराया। इसके साथ ही अन्य तरीकों को भी समझाया गया। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, झोन प्रभारी किरण चौहान, विनय चौहान सहित फ्रंट लाईन कर्मचारी उपस्थित थे।

नवभारत

नवभारत 3/2/22

नगर निगम व रतलाम स्थापना समिति ने मनाया रतलाम नगर गौरव दिवस

# महलवाड़ा की बंद घड़ी के स्थान पर लगेगी इलेक्ट्रॉनिक घड़ी- काश्यप

रतलाम ● वसंत पंचमी पर नगर निगम एवं रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में नगर निगम तिराहे पर स्थापित महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा स्थल पर रतलाम नगर गौरव दिवस विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया।

उन्होंने इस अवसर पर महलवाड़ा की बंद घड़ी के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी लगाने की घोषणा करते हुए कहा कि घड़ी का बंद रहना शुभ नहीं होता है। इसे लगाता चलते रहना चाहिए इसी तरह रतलाम का विकास रूकना नहीं चाहिए वह लगातार चलता रहना चाहिए।

श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम नगर की स्थापना महाराजा रतनसिंह ने वसंत पंचमी पर की थी। रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा 30 वर्षों से वसंत पंचमी पर रतलाम नगर का जन्मोत्सव मनाती आ रही है। इस कार्य में नगर निगम भी अपना पूरा



सहयोग कर रही है, यह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष से रतलाम स्थापना दिवस रतलाम नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी रतलाम विकास प्रदर्शनी लगाई गई है जिससे नागरिकों को पता चल सकें की पहले हमारा रतलाम कैसा था और अब विकास के पथ पर आगे बढ़कर कैसा लग रहा है।

प्रारंभ में मुख्य अतिथि चेतन्य काश्यप, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, रतलाम स्थापना महोत्सव समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, संयोजक मुन्नालाल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैयालाल मौर्य, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, उपायुक्त विकास सोलंकी सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने महाराजा रतनसिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात श्री काश्यप ने रतलाम विकास प्रदर्शनी फीता काटकर, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। संचालन मंगल लोढ़ा ने किया।

स्वदेश

स्वदेश 7/2/22

### संपत्तिकर 66.62 व जलकर 15.22 लाख जमा

# आज आनन्द कॉलोनी में वसूली शिविर

रतलाम. बकायादारों से वसूली के लिए नगर निगम ने शिविर जारी किए हुए है। सोमवार को आनंद कॉलोनी में शिविर होगा। अब तक संपत्तिकर 66.62 लाख व जलकर 15.22 लाख की राशि जमा हुई है।

नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर आयोजित किये गये है जो 3 मार्च तक चलेंगे। वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविर के वार्ड 28, 29, 36, 37 व 38 के लिये 7 से 8 फरवरी तक लॉ कॉलेज आनंद कालोनी, वार्ड 28 के लिये 9 फरवरी को प्रताप नगर उद्यान के पास, वार्ड 22 के लिये 10 फरवरी को महावीर नगर, वार्ड 39, 40 व 41 के लिये 11 से 12 फरवरी तक पैलेस रोड तिराहा, वार्ड 25, 26 व 27 के लिये 14 फरवरी को चौगानिया भेरू, वार्ड 24, 25 व 42 के लिये 15 व 16 फरवरी को शिक्षा विभाग सायर चबुतरा, वार्ड 43 व 45 के लिये 17 व 19 फरवरी तक चौमुखीपुल प्याऊ के पास, वार्ड 41 के लिये 21 से 22 तक बजाजखाना गणेश देवरी, वार्ड 33, 34 व 35 के लिये 23 व 24 फरवरी को शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड 30, 31, 32 व 34 के लिये 1 से 3 मार्च तक स्टेशन रोड दिलबहार चौराहे पर कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित किये गये है। पत्रिका

पत्रिका 7/2/22

नगर निगम व रतलाम स्थापना समिति ने मनाया रतलाम नगर गौरव दिवस

# महलवाड़ा की बंद घड़ी के स्थान पर लगेगी इलेक्ट्रॉनिक घड़ी- काश्यप

रतलाम ● वसंत पंचमी पर नगर निगम एवं रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में नगर निगम तिराहे पर स्थापित महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा स्थल पर रतलाम नगर गौरव दिवस विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया।

उन्होंने इस अवसर पर महलवाड़ा की बंद घड़ी के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी लगाने की घोषणा करते हुए कहा कि घड़ी का बंद रहना शुभ नहीं होता है। इसे लगाता चलते रहना चाहिए इसी तरह रतलाम का विकास रूकना नहीं चाहिए वह लगातार चलता रहना चाहिए।

श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम नगर की स्थापना महाराजा रतनसिंह ने वसंत पंचमी पर की थी। रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा 30 वर्षों से वसंत पंचमी पर रतलाम नगर का जन्मोत्सव मनाती आ रही है। इस कार्य में नगर निगम भी अपना पूरा सहयोग कर रही है, यह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष से रतलाम स्थापना दिवस रतलाम नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।



पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी रतलाम विकास प्रदर्शनी लगाई गई है जिससे नागरिकों को पता चल सकें की पहले हमारा रतलाम कैसा था और अब विकास के पथ पर आगे बढ़कर कैसा लग रहा है।

प्रारंभ में मुख्य अतिथि चेतन्य काश्यप, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, रतलाम स्थापना महोत्सव समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, संयोजक मुन्नालाल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैयालाल मौर्य, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, उपायुक्त विकास सोलंकी सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने महाराजा रतनसिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात श्री काश्यप ने रतलाम विकास प्रदर्शनी फीता काटकर, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। संचालन मंगल लोढ़ा ने किया।

स्वदेश

स्वदेश 7/2/22

# महलवाड़ा की बंद घड़ी स्थान पर लगेगी इलेक्ट्रॉनिक घड़ी-श्री काश्यप

## नगर निगम व रतलाम स्थापना समिति ने धूमधाम से मनाया रतलाम नगर गौरव दिवस

रतलाम । बसंत पंचमी पर नगर निगम रतलाम एवं रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में नगर निगम तिराहे पर स्थापित महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा स्थल पर रतलाम नगर गौरव दिवस विधायक रतलाम षहर माननीय श्री चेतन्य जी काष्यप के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि माननीय श्री काष्यप ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर की स्थापना महाराजा रतनसिंह जी ने बसंत पंचमी पर की थी। रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा 30 वर्शों से बसंत पंचमी पर रतलाम नगर का जन्मोत्सव मनाती आ रही है इस कार्य में नगर निगम भी अपना पुरा सहयोग कर रही है यह प्रषंसनीय है। उन्होने कहा कि इस वर्श से रतलाम स्थापना दिवस रतलाम नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। पिछले वर्श रतलाम विकास प्रदर्षनी लगाई गई थी जो इस वर्श भी लगाई गई है जिससे नागरिकों को पता चल सकें की पहले हमारा रतलाम कैसा था और अब विकास के पथ पर आगे बढ़कर कैसा लग रहा है।

उन्होने इस अवसर पर कहा कि महलवाड़े की बंद घड़ी के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी लगाने की घोशणा करते हुए कहा कि घड़ी का बंद रहना षुभ नहीं होता है इसे लगाता चलते रहना चाहिये इसी तरह रतलाम का विकास रूकना नहीं चाहिये वह लगातार चलता रहना चाहिये। प्रारंभ में मुख्य अतिथि माननीय श्री चेतन्य जी काष्यप, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर श्री षैलेन्द्र डागा, रतलाम स्थापना महोत्सव समिति अध्यक्ष श्री प्रवीण सोनी, संयोजक श्री मुन्नालाल षर्मा, वरिश्ठ भाजपा नेता श्री कन्हैयालाल मौर्य, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री विप्लव जैन, श्री प्रदीप उपाध्याय, श्री मनोहर पोरवाल, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल, पूर्व महापौर परिशद सदस्य एवं पार्षद सर्वश्री प्रेम उपाध्याय, मंगल लोढ़ा, भगतसिंह भदौरिया, अरुण राव, प्रहलाद पटेल, पप्पू पुरोहित, मोहनलाल धभाई, अषोक यादव, मंडल अध्यक्ष श्री आदित्य डागा, श्री कृश्ण कुमार सोनी, श्री निलेष गांधी, श्री मयूर पुरोहित, श्री कर्णधीर बड़गोत्या, पूर्व मण्डल अध्यक्ष श्री जयवंत कोठारी, दिनेष षर्मा के अलावा सर्वश्री गोपाल षर्मा, [illegible] षैलेन्द्र [illegible] सत्यनारायण [illegible] रमेष पांचाल, राजू हांकी, झरनेष पांचाल, राजेष कहारिया, प्रभु सौलंकी, वैभव जैन, उपायुक्त श्री विकास सौलंकी सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने महाराजा रतनसिंह जी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात माननीय श्री काष्यप ने रतलाम विकास प्रदर्षनी फीता काटकर, माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर षुभारंभ किया। इस अवसर माननीय श्री काष्यप व उपस्थितजनों का निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने पुश्पगुच्छ से स्वागत व लड्डू खिलाकर मीठा करवाया। इस अवसर पर आतिषबाजी भी की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री मंगल लोढ़ा ने किया व आभार श्री गोपाल षर्मा ने माना। स्वतंत्र

स्वतंत्र [illegible] 7/2/22

नगर निगम व रतलाम स्थापना समिति द्वारा आयोजित नगर गौरव दिवस में विधायक काश्यप ने कहा फिर लौटेगी महल की पहचान

# बंद घड़ी नहीं होती शुभ, अब इलेक्ट्रॉनिक घड़ी से पहचाना जाएगा महलवाड़ा

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

बसंत पंचमी पर नगर निगम रतलाम एवं रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में नगर निगम तिराहे पर स्थापित महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा स्थल पर रतलाम नगर गौरव दिवस मनाया गया। विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में आयोजन हुआ।





श्री काश्यप ने कहा कि स्थापना महाराजा रतनसिंह जी ने बसंत पंचमी पर की थी। रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा 30 वर्षो से बसंत पंचमी पर जन्मोत्सव मनाती आ रही है। पिछले वर्ष रतलाम विकास प्रदर्शनी लगाई गई थी, जो इस वर्ष भी लगाई गई। उन्होने इस अवसर पर कहा कि महलवाड़े की बंद घड़ी के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी लगाने की घोशणा करते हुए कहा कि घड़ी का बंद रहना शुभ नहीं होता है। इसे लगाता चलते रहना चाहिये इसी तरह रतलाम का विकास रूकना नहीं चाहिए वह लगातार चलता रहना चाहिये। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, स्थापना महोत्सव समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, संयोजक मुन्नालाल शर्मा, कन्हैयालाल मौर्य, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, प्रेम उपाध्याय, मंगल लोढ़ा, भगतसिंह भदौरिया, अरूण राव, पप्पू पुरोहित, मोहनलाल धभाई, आदित्य डागा, निलेश गांधी, राजेश रांका, झरनेश पांचाल, राजेष कटारिया आदि ने महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री काश्यप ने इसके बाद विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर, शुभारंभ किया। आतिशबाजी भी की गई। कार्यक्रम का संचालन मंगल लोढ़ा ने किया। आभार गोपाल शर्मा ने माना।

दबंग दुनिया 7/2/22

परशुराम विहार कॉलोनी का किया निरीक्षण

पत्रिका

# हाउस बुकिंग कराने वाले हर शख्स को बुलाकर पूछी कमियां

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. आडीए द्वारा बनाई जा रही परशुराम विहार कॉलोनी के हाल जानने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम कॉलोनी में पहुंचे। यहां पर उनके द्वारा निरीक्षण किया गया। कॉलोनी में प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 22 आवास निर्मित कराए गए हैं। जिन व्यक्तियों द्वारा हाउस बुकिंग कराई गई है, उन प्रत्येक व्यक्ति को उसके आवास पर बुलवाकर पूछे कि कमी तो नहीं है।

कॉलोनी में प्राधिकरण द्वारा योजना के तहत आवास निर्माण कार्य लगभग पूर्ण कर दिया गया है। संभवतः 15 मार्च तक हैंडवर कर दिए जाएंगे। कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस आवासों की कीमत 11 लाख रुपए है तथा एल 1 आवासों का मूल्य 29 लाख तथा एल 2 आवासों का मूल्य 32 लाख रुपए है। प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जमुना भिड़े ने कलेक्टर को निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। परशुराम विहार कॉलोनी के निरीक्षण बाद कलेक्टर ने गंगासागर कॉलोनी के समीपस्थ क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा किए गए वृक्षारोपण को देखने पहुंचे। क्षेत्र में लगभग 8000 पौधे लगाए गए हैं जिनको नियमित रूप से सिंचित किया जा रहा है।

## पीएम आवासों का निरीक्षण

कलेक्टर ने गंगासागर कॉलोनी के समीपस्थ जंगली क्षेत्र में बनाए गए प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया। यहां पर नगर निगम द्वारा 192 एलआईसी, 224 ईडब्ल्यूएस आवास निर्मित किए गए हैं। कॉलोनी में अधोसंरचना निर्माण प्रगति पर है। सामने खाली पड़ी भूमि पर 163 प्लाट डेवलप किए जा रहे हैं जिनके समतलीकरण तथा पहुंच मार्ग के लिए कलेक्टर ने निर्देशित किया।

पत्रिका 7/2/22

# मस्जिद के पीछे पाइप लाइन कार्य का शुभारंभ

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा वार्ड क्रमांक-दो में नूरानी मस्जिद के पीछे पानी की पाइप लाइन का कार्य आरंभ करवाया गया। पाइप लाइन कार्य आरंभ होने से क्षेत्रीय नागरिकों में खुशी का माहौल है। पाइप लाइन डलने के बाद क्षेत्रीय निवासियों को मीठा जल प्राप्त होने लगेगा, वहीं पानी की समस्या से भी निजात मिलेगी। पाइप लाइन का कार्य आरंभ करवाने में मंत्री किरण महावर का विशेष योगदान रहा। क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा कार्य आरंभ करवाने पर किरण महावर का स्वागत कर अभिनंदन किया गया।

मंडल महामंत्री विनोद यादव, लोकेश जायसवाल, उपाध्यक्ष पूजा शर्मा, प्रवीण दीक्षित, मंत्री किरण महावर, कोषाध्यक्ष धर्मवीर, कार्यालय मंत्री कमल गुरनानी, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शक्तिसिंह राठौर, वरिष्ठ कार्यकर्ता शुभेंद्र गुर्जर, मंडल मीडिया प्रभारी अंकित कुशवाह, वार्ड कार्यकर्ता गीतांजलि, रजनी आदि उपस्थित थे। नई।



वार्ड क्रमांक-दो में पाइप लाइन कार्य का शुभारंभ करते हुए रहवासी। •नईदुनिया

पाइप लाइन कार्य आरंभ होने पर क्षेत्रवासी अब्बासी, काले खान, लियाकत अली, अब्दुल रशीद, इम्तियाज भाई, अब्दुल सत्तार, इसरत अली, इम्तियाज अली, चुन्नू पहलवान, अब्दुल रशीद, अब्दुल गफ्फार, मेरी लुईस, कुसुम जेम्स, अर्चना जेम्स, अब्दुल गफ्फार खान, शिवराजसिंह राजोरा, नवाब मंसूरी, श्रीपाल, भगवती, इंद्र, गंगाबाई आदि ने विधायक काश्यप का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

नईदुनिया 7/2/22

निरीक्षण

कलेक्टर ने आरडीए की परशुराम विहार कालोनी का लिया जायजा

# बुकिंग कराने वाले से जाकर पूछें, मकान में कोई कमी तो नहीं

**रतलाम।** रतलाम विकास प्राधिकरण द्वारा परशुराम विहार कालोनी में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 22 आवास निर्मित कराए गए हैं। इनमें 14 ईडब्ल्यूएस तथा शेष एल वन, एल टू टाइप के आवास हैं। रविवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कालोनी का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि मकान बुक कराने वाले प्रत्येक व्यक्ति को उसके आवास पर बुलवाकर पूछें कि कोई कमी तो नहीं है। कमी बताने पर पूर्ति के बाद ही उसे मकान हैंडओवर किया जाए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, संपदा अधिकारी नायब तहसीलदार पूजा भाटी, प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक राजेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे। कालोनी में प्राधिकरण द्वारा योजना के तहत आवास निर्माण कार्य लगभग पूर्ण कर दिया गया है। संभवत: 15 मार्च तक हैंडओवर कर दिए जाएंगे। परशुराम विहार कालोनी के निरीक्षण के बाद कलेक्टर गंगासागर कालोनी के समीपस्थ क्षेत्र में एनएचएआइ द्वारा किए गए पौधारोपण को देखने पहुंचे। क्षेत्र में लगभग 8000 पौधे लगाए गए हैं जिनको नियमित रूप से सिंचित किया जा रहा है। कलेक्टर ने मौजूद कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख को निर्देशित किया कि प्रत्येक पौधे का थाला बड़े आकार में रखें ताकि ज्यादा मात्रा में पानी एकत्रित हो सके। इससे कम प्रयासों में अधिक सिंचाई पौधों में हो सकेगी। इस क्षेत्र से मांगल्य मंदिर पहुंच मार्ग निर्माण की संभावना पर भी कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त के साथ विचार किया गया। कलेक्टर ने बेजली क्षेत्र में बनाए गए प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया। यहां पर नगर निगम द्वारा 192 एलआइजी, 224 इडब्ल्यूएस आवास निर्मित किए गए हैं। सामने खाली पड़ी भूमि पर 163 प्लाट विकसित किए जा रहे हैं, जिनके समतलीकरण तथा पहुंच मार्ग के लिए कलेक्टर ने निर्देशित किया।



परशुराम विहार कालोनी में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत निर्मित आवासों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

नईदुनिया / 7/2/22



## रतलाम नगर गौरव दिवस

**रतलाम, नप्र।** महाराजा रतनसिंहजी की प्रतिमा स्थल पर रतलाम नगर गौरव दिवस विधायक चेतन्य काश्यप के आतिथ्य में धूमधाम से मनाया। यह आयोजन बसंत पंचमी पर नगर निगम एवं रतलाम स्थापना महोत्सव समिति ने किया।

काश्यप ने कहा कि रतलाम स्थापना महोत्सव समिति 30 साल से बसंत पंचमी पर रतलाम नगर का जन्मोत्सव मनाती आ रही है इस काम में नगर निगमन भी अपना पूरा सहयोग कर रही है जो कि प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि इस साल से रतलाम स्थापना दिवस रतलाम नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महलवाड़े की बंद घड़ी की जगह पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी लगाने की घोषणा काश्यप ने करते हुए कहा कि घड़ी का बंद रहना शुभ नहीं होता है इसे लगातार चलते रहना चाहिये। इसी तरह रतलाम का विकास रुकना नहीं चाहिये वह भी लगातार चलता रहना चाहिए। काश्यप के अलावा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, रतलाम स्थापना महोत्सव समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, संयोजक मुन्नालाल शर्मा, प्रदीप उपाध्याय, उपायुक्त विकास सोलंकी सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों व पदाधिकारियों ने महाराजा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संचालन मंगल लोढ़ा, आभार गोपाल शर्मा ने माना। पृ.क्र.6

प्रभातकिरण 6/2/22